ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बबनराव धाकने) : (क) जी, हां।

(ख) पंजाब में राज्य सरकार के अन्तर्गत कार्यरत जूनियर इंजीनियर 10 नवम्बर, 1990 से हड़ताल पर हैं। इस स्थिति से निपटने के लिये पंजाब सरकार ने परियोजना प्राधिकारियों को तदर्थ आधार पर 100 जूनियर इंजीनियर नियुक्त करने की अनुमति दे दी है। इन नियुक्तियों के बाद से निर्माण कार्य में कुछ प्रगति हुई है।

(ग) सभी उत्पादन यूनिटों के मार्च, 1996 तक चालू हो जाने की प्रत्याशा है।

Discovery of Temples of Lord Shiva in Madras by Archaeological Survey of India

600. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some temples with a miniature shrine dedicated to Lord Shiva have been discovered by the Archaeological Survey of India near Madras;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether any researches on this discovery have since been made so far;

(d) if so, what are the circumstances which led to this discovery;

(e) whether this discovery will benefit our ancient history; and

(f) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI RAJMANGAL PANDE): (a) and (b) Yes, Sir. The Archaeological Survey of India, Madras Circle, during the clearance operations around the Shore Temple complex, Mahabalipuram brought to light a semi-eliptical structure of cut-stones with a small monolithic shrine and Bhuvaraha sculpture in its front abutting the northern prakara wall. A small well constructed with dressed granite stone blocks also formed part of this elliptical shrine. The short inscriptions on the basement mouldings reveal the royal titles of Rajasimha, the great Pallava rule (690-763 A.D.), who caused the construction of the Shore Temple Complex.

(c) A preliminary study was made on the finds and the inscriptions have been deciphered.

(d) to (f) The work was taken up as part of conservation and protective measures to the Shore Temple Complex. The above fresh evidences have added a new dimension to the studies on the early Pallava religious architecture and history of the place.

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा प्रकाशित पुस्तकें

601. **श्री रजनी रंजन साहू** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने पिछले पांच वर्षों के दौरान अंग्रेजी और हिन्दी में कितनी-कितनी मौलिक पुस्तकें प्रकाशित की हैं ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान अंग्रेजी और हिन्दी में अनुदित कितनी-कितनी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं ;

(ग) प्रकाशनों में अंग्रेजी को प्राथमिकता देने तथा हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं की उपेक्षा करने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस संबंध में सुधार लाने के लिये क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?